**पत्र सूचना शाखा**

**सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग, उ0प्र0**

# राज्यपाल से मिले सुप्रसिद्ध कवि गोपाल दास 'नीरज'

लखनऊः 26 नवम्बर, 2015

उत्तर प्रदेश के राज्यपाल श्री राम नाईक से आज सुप्रसिद्ध कवि एवं गीतकार पद्मभूषण गोपाल दास 'नीरज' ने राजभवन में मुलाकात की और पुस्तक ओशो गीता दर्शन की समस्त श्रृंखला भेंट की। पुस्तक में श्री गोपाल दास नीरज ने ओशो कृष्ण चेतना पर भूमिका भी लिखी है।

श्री गोपाल दास 'नीरज' ने बड़े सुंदर भाव में अपनी भूमिका में लिखा है कि गीता एक महावाक्य, एक महाश्लोक, एक महाकाव्य है - किन शब्दों, किस भाषा में इसे परिभाषित किया जाए। जैसे अमृतमय, अव्याख्येय, अनूठे-अनमोल बोल कृष्ण ने गीता में बोले हैं वैसे बोल अन्य किसी देश में न तो कभी बोले गए और न कभी सुने गए। इसमें कविता है, संगीत है, सुगंध है। अपनी विशिष्ट शैली में लिखते हुए उन्होंने यह भी लिखा है कि जीवन और जगत के सारे आयाम एक साथ समेटने के लिए जिस विराट चेतना की आवश्यकता है वही कृष्ण चेतना है।

---------